गिरिडीह ज़िले को सोलर सिटी बनाने का प्लान

चर्चा में क्यों?

14 सितंबर, 2021 को **झारखंड कैबिनेट** द्वारा 17 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई, जिसमें **गिरिडीह में सोलर सिटी बनाने** के अतिरिक्त **खनन इलाकों में सड़क पर चलने वाले वाहनों पर टोल टैक्स लगाने** जैसे महत्त्वपूर्ण प्रस्ताव स्वीकृत किये गए।

प्रमुख बिंदु

- गिरिडीह ज़िला **पारसनाथ पर्यटन स्थल** होने के कारण झारखंड में महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है।
- झारखंड के **नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय** ने गिरिडीह का सोलर सिटी के रूप में चयन करते हुए 80.75 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है।
- इस परियोजना में **केंद्र व राज्यों का हिस्सा क्रमशः 40 व 60 प्रतिशत** होगा।
- राज्य के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय को 3.75 करोड़ रुपए अनुदान की स्वीकृति दी गई है।
- इसके तहत 3 लाख रुपए तक वार्षिक आय वाले परिवारों को 100 प्रतिशत सब्सिडी देने का प्रावधान है।
- रांची, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो एवं देवघर का चयन **दूसरे चरण में सोलर सिटी** के रूप में विकसित करने के लिये हुआ है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/plan-to-make-giridih-district-solar-city